स.शि.प./जुलाइ ९९/५००

बोचासणवासी श्री अक्षरपुरुषोत्तम स्वामिनारायण संस्था
सत्संग शिक्षण परीक्षा
सत्संग प्रारंभ

सुबह ९ से १२] **(रविवार, १८ जुलाई, १९९९)** **कुल अंक : १००**

सूचना : प्रश्न की दाहिनी तरफ उसके अंक दर्शाये गए हैं ।

(विभाग - १ घनश्याम चरित्र)

प्र. १. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में दिजिए । **५**

१. *दुर्वासा ऋषि ने क्रोधित होकर क्या शाप दिया ?*
२. *घनश्याम ने बन्दर को कितने दिन तक समाधि में रखा ?*
३. *एकादशी करने से कितना पुण्य प्राप्त होता है ?*
४. *घनश्याम महाराज के दायें पैर में दिखने वाले चिह्नों में से कोई भी चार के नाम लिखें।*
५. *घनश्याम ने कौन से पेड़ पर चढ़ कर पश्चिम की ओर देखा ?*

प्र. २. निम्नांकित विधान कौन किससे कहते हैं, वह लिखिए । (किन्ही पाँच) **१०**

१. *''मुझे खाने के लिये गुड दो, तभी कान में छेद करने देंगे।''*
२. *''ऐसे क्या बैठे रहे हो ? हजामत पूरी कर।''*
३. *''मुझे सभी मिठाई दो तब यह अगूंठी दूंगा''*
४. *''लडके, मुझे उपदेश देता है, शरम नहीं आती है ?''*
५. *''तुम सब यह सभी आम उढ़ने लगो।''*
६. *''हमारे पुत्रों को बिना भूल किये ही तुम्हारे घनश्याम ने मारा है।''*
७. *''आज हाथी का क्रोध आपने दूर न किया होता, तो मैं मर जाता।''*

प्र. ३. कौंस में दिए गए शब्दों में से योग्य शब्द का उपयोग करके रिक्त स्थानों की पूर्ति किजिए । **१०**

१. *भक्तिमाता को अन्तसमय घनश्याम ने ..... रुप में दर्शन दिये।* *(नरनारायण, रामचंद्र, चतुर्भुज नारायण)*
२. *काशी में विद्वानों की सभा में घनश्याम ने ..... मत को स्थापित किया।* *(अद्वैत, द्वैत, विशिष्टाद्वैत)*
३. *धर्मदेव, रामप्रताप और घनश्याम ..... गाय को ढूंढने गये।* *(गोमती, कपिला, गौरी)*

४. *घनश्याम संध्या आरती में ..... अवश्य पहुँच जाते।* *(विद्याकुंज के मंदिर में, महादेव के मंन्दिर में, हनुमानगढी)*
५. *घनश्याम को ..... में जनेऊ दिया।* *(अयोध्या, छपैया, काशी)*
६. *..... नामक राक्षस घनश्याम को सरयू नदी में फेंक दिया।* *(कालिया, कौशिक, कालिदत्त)*
७. *धर्मदेव द्वारा की गई परीक्षा में घनश्यामने ..... उठाई।* *(तलवार, सोने की मोहरे, पुस्तक)*
८. *अयोध्या में धर्मदेव के घर के पीछे ..... का मन्दिर था। (शिव, रामजी, हनुमान)*
९. *घनश्याम की मौसी का नाम ..... था।* *(लक्ष्मी, सुवासिनी, चंदन)*
१०. *घनश्याम का जन्म रात के ..... बजे हुआ था।* *(१०, ८, १२)*

प्र. ४. निम्नलिखित किसी भी <u>एक</u> प्रसंग का वर्णन १० - १२ पंक्तियों में किजिए और उसका भाव-बोध लिखिए । **५**

१. *नई बत्तीसी।* **२.** *मछलियाँ जीवित की।* **३.** *भूतिया कुँआ।*

प्र. ५. विभाग 'अ' तथा विभाग 'ब' के योग्य शब्दों से जोड़े बनाइए । **५**

'अ'	*'ब'*
१. *कुश्ती का दाव*	१. *सरयू के किनारे*
२. *कान बिंधवाये*	२. *रामघाट पर*
३. *बन्दरों*	३. *मेथी पाक*
४. *घनश्याम पत्थर पर बेठे*	४. *दूधपाक पूरी।*
५. *खीचडी के बदले*	५. *गुड़ा*

(विभाग - २ योगीजी महाराज)

प्र. ६. निम्नलिखित विधान कौन, किससे कहते हैं, यह बताईए । (कोई भी पाँच) **१०**

१. *''तुम गिनती करो न ! मुझसे भूल हो गई तो तुमसे भी भूल हो जायेगी।''*
२. *''हाँ स्वामी, साधु बना दें तो कृपा होगी, मेरी भी यही इच्छा है।''*
३. *''आज तो त्यौहार है, नये दिनों में उपवास न करें।''*
४. *''शास्त्रीजी महाराज की दृष्टि, उसके पर बचपन से ही पड़ गई थी।''*
५. *''आप वैर को प्रेम से शान्त करनेवाले, श्रीजीमहाराज के आदर्श परमहंस है।''*
६. *''इतना सब कैसे सहन करते हो ?''*
७. *''तुमने आज मेरे अंतर की इच्छा पूरी कर दी।''*

प्र. ७. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में दिजिए । ५

१. *शास्त्रीजी महाराज के प्रथम मिलन के समय, झीणाभगत और संतो ने क्या भेंट धरी थी ?*

२. *कौनसी तीन वस्तुएँ जो नित्य है ?*

३. *योगीजी महाराज की ६५वीं जन्म जयंती कहाँ सम्पन हुई थी ?*

४. *'यज्ञपुरुष स्मृति ग्रन्थ' कौन से उत्सव के प्रसंग पर प्रगट हुआ था ?*

५. *योगीजी महाराज का जन्म कहाँ और कब हुआ था ?*

प्र. ८. कोष्टक में से योग्य शब्द पसंद करके रिक्त स्थानों की पूर्ति किजिए । १०

१. *सत्संग सम्बंधी जानकारी के लिये योगीजी महाराज ने ..... आरम्भ कराई। (रविसभा, सत्संग पत्रिका, यज्ञपुरुष स्मृति)*

२. *लंडन में ..... नदी में योगीजी महाराज ने ठाकोरजी को स्नान करवाया। (थेम्स, नाईल, एमेजोन)*

३. *..... नाम के हेडमास्तर ने चन्दू को बिना भूल किए ही मारा। (त्रिभोवनदास, कल्याणदास, छगनभाई)*

४. *कालिज में पढ़ते हैं तब प्रतिदिन ..... घन्टे अध्ययन करना चाहिये। (चार, आठ, छ)*

५. *सं. ..... के वर्ष में ब्रह्मस्वरूप शास्त्रीजी महाराज ने अहमदाबाद में प्रमुखस्वामी को संस्था के प्रमुख पद पर नियुक्त किया और चादर औढ़ाई। (२००६, २००७, २००८)*

६. *हम सबको ..... जैसा बनना है। (अग्नि, पानी, सिंह)*

७. *योगीजी महाराज के बायें हाथ की ..... ऊँगली पर सर्पदंश हुआ था। (पहली, छोटी, दूसरी)*

८. *गृहत्याग के समय झीणाभाई की उमर लगभग ..... वर्ष की थी। (१४, १७, २१)*

९. *योगीजी महाराज..... में अन्तर्धान हुए थे। (राजकोट, मुंबई, गोंडल)*

१०. *योगीजी महाराज सबसे प्रथम ई.स. ..... में अफ्रिका पधारे।(१९५५, १९६०, १९६२)*

प्र. ९. निम्नांकित में से किसी <u>एक</u> प्रसंग पर १० - १२ पंक्तियों में टिप्पणी लिखिए । ५

१. *नि:स्पृही सन्त।* **२.** *मैं तो सेवक हूँ।* **३.** *गुरुभक्ति।*

(विभाग - 3 किशोर सत्संग प्रारंभ)

प्र. १०. निम्नांकित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए । १०

१. *सहजानन्द स्वामी ने रामानन्द स्वामी से जो पहला वरदान मांगा था वह लिखें।*

२. *जोधा की भक्ति किसके सद्‌श थी ?*

३. *शास्त्रीजी महाराज ने कहाँ कहाँ मंन्दिर निर्माण किये हैं ?*

४. *गंगामा महाराज को क्या कहकर बुलाती थी ?*

५. *पूजा में किस किसकी मूर्ति रखनी चाहिए ?*

६. *एक संत ने भूमानंद स्वामी को भूखा जानकर क्या दिया ?*

७. *नाथा भक्त महाराज को कौनसी भेंट रखता था ?*

८. *भगुजी को मारने के लिए कौन कौन तैयार हुए थे ?*

९ *रामानन्द स्वामी के घाम जाने के पश्चात श्रीजीमहाराज ने किस नाम से भजन करवाया ?*

१०. *पाणवी गाँव का राजपूत हरिभक्त कौन था ?*

प्र. ११. कोष्टक में से योग्य शब्दों का चुनाव कर रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए। ५

१. *मूलजी को ..... वर्ष में जनोऊ दिया। (८, १२, २४)*

२. *वजीबा ..... गाँव में रहती थीं। (वीरपुर, विजापुर, गढपुर)*

३. *भाल की बीबडी ने महाराज को ..... दिया। (अनाज दातुन, सोना)*

४. *मुक्तानंद स्वामी ने ..... गाँव में सहजानंद स्वामी की आरती उतारी। (कारियाणी, मेघपुर, कालवाणी)*

५. *सर्व प्रथम गंगामा ..... स्वामी की शिष्या थी। (रामानंद, सहजानंद, आत्मानंद)*

प्र. १२.निम्नांकित में से किसी <u>एक</u> पर संक्षिप्त टिप्पणी लीखिए ।(१२ पंक्तियों में) ५

१. *धून* **२.** *सामंत पटेल* **३.** *शूरवीर बाल भक्त*

प्र. १३.निम्नांकित में से किन्हीं <u>पाँच</u> कीर्तन/अष्टक/श्लोक की रिक्तता की पूर्ति किजिए ।

१. *पुरुषोत्तम प्रगटनुं ..... सुगम करी सिद्धि।* **१०**

२. *स्वस्थानं ..... गमनाय च।*

३. *जिसका नाम रट्या ..... पाये नमुं प्रीतथी।*

४. *मीठा साटा ..... साकर छे जाजी।*

५. *शास्त्र सकलनो ..... जय जय गुणातीतानंद।*

६. *वाणी अमृतथी ..... नित्य नमुं भावथी।*

७. *प्रगट हरि गुरु ..... हदये धारी।*

प्र. १४.निम्नांकित में से कोई भी <u>एक</u> 'स्वामी की बात' पूर्ति कर उसका दस पंक्तियों में निरुपण कीजिए । ५

१. *कोई भगवान का स्मरण करें ..... ।*

२. *भगवान अपने भक्त की रक्षा करने में ..... ।*

* * *